देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 183 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
माहौल बनाने में मदद



देहरादून, शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024

# पेज थ्री




मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 18.0°

79924.77

2 ट्रुडो के इस्तीफे की मांग

7 सुंदर ने कीवी बल्लेबाजों को दिखाए तारे

# यूएनएससी में हो भारत की स्थायी सीट

## एस जयशंकर ने किया यूएन सिक्योरिटी काउंसिल में तत्काल सुधार का आह्वान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कजान (रूस)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के लिए स्थायी सीट की मांग करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आज कहा कि अधिक समतापूर्ण वैश्विक व्यवस्था बनाने के लिए स्थापित संस्थाओं में सुधार किया जाना चाहिए।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में डॉ. जयशंकर ने कहा, ब्रिक्स इस बात का सबूत है कि पुरानी व्यवस्था कितनी गहराई से बदल रही है। साथ ही, अतीत की कई असमानताएँ भी हैं। वास्तव में, उन्होंने नए रूप और अभिव्यक्तियाँ ग्रहण की हैं। हम इसे विकासात्मक संसाधनों और आधुनिक तकनीक और दक्षताओं तक पहुँच में देखते हैं। हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि वैश्वीकरण के लाभ बहुत असमान रहे हैं। इन सबके अलावा, कोविड महामारी और कई संघर्षों ने वैश्विक दक्षिण द्वारा वहन किए जाने वाले बोझ को और बढ़ा दिया है। स्वास्थ्य, खाद्य और ईंधन सुरक्षा की चिंताएँ विशेष रूप से तीव्र हैं।

मंत्री ने कहा कि दुनिया सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में काफी पीछे छूट जाने के खतरे में है। उन्होंने कहा, हम एक अधिक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था कैसे बना सकते हैं? सबसे पहले, स्वतंत्र प्रकृति के मंचों को मजबूत और विस्तारित करके और विभिन्न क्षेत्रों में विकल्पों को व्यापक बनाकर और उन पर अनावश्यक निर्भरता को कम करके, जिनका लाभ उठाया जा सकता है। यह वास्तव में वह जगह है जहाँ ब्रिक्स वैश्विक दक्षिण के लिए एक अंतर ला सकता है।

उन्होंने कहा, दूसरा, स्थापित संस्थाओं और तंत्रों, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, को स्थायी और अस्थायी श्रेणियों में सुधार कर सुधारा जाना चाहिए। इसी प्रकार बहुपक्षीय विकास बैंकों को भी सुधारा जाना चाहिए, जिनकी कार्य-प्रणाली संयुक्त राष्ट्र की कार्य-प्रणाली जितनी ही पुरानी है।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, हम इस विरोधाभास का सामना कर रहे हैं कि परिवर्तन की ताकतें आगे बढ़ने के बावजूद, कुछ दीर्घकालिक मुद्दे और अधिक जटिल हो गए हैं। एक ओर, उत्पादन और उपभोग में निरंतर विविधता आ रही है। उपनिवेशवाद से स्वतंत्रता प्राप्त करने वाले राष्ट्रों ने अपने विकास और सामाजिक आर्थिक प्रगति को गति दी है। यह आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पुनर्संतुलन अब उस बिंदु पर पहुँच गया है जहाँ हम वास्तविक बहु-ध्रुवीयता पर विचार कर सकते हैं।

### अतीत की कई असमानताएं भी जारी

विदेश मंत्री ने कहा, ब्रिक्स अपने आप में इस बात का बयान है कि पुरानी व्यवस्था कितनी गहराई से बदल रही है। साथ ही, अतीत की कई असमानताएं भी जारी हैं। इसने नए रूप और अभिव्यक्तियां ग्रहण कर ली हैं। हम इसे विकासात्मक संसाधनों तक पहुंच और आधुनिक तकनीकों और दक्षताओं तक पहुंच में देखते हैं।



### ये युद्ध का युग नहीं हैः जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, संघर्षों और तनावों को प्रभावी ढंग से संबोधित करना आज की विशेष आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि यह युद्ध का युग नहीं है। विवादों और मतभेदों को बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। एक बार जब समझौते हो जाते हैं, तो उनका ईमानदारी से सम्मान किया जाना चाहिए। बिना किसी अपवाद के अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन किया जाना चाहिए और आतंकवाद के लिए शून्य सहिष्णुता होनी चाहिए। मध्य पूर्व – पश्चिम एशिया की स्थिति हमारे लिए एक समझने योग्य चिंता है।

### संघर्षों और तनावों को कूटनीति से सुलझाना चाहिए

विदेश मंत्री ने कहा, संघर्षों और तनावों को प्रभावी ढंग से सुलझाना आज की विशेष आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि यह युद्ध का युग नहीं है। विवादों और मतभेदों को बातचीत और कूटनीति से सुलझाया जाना चाहिए। एक बार समझौता हो जाने के बाद, उनका ईमानदारी से सम्मान किया जाना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय कानून का बिना किसी अपवाद के पालन किया जाना चाहिए और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता होनी चाहिए। हमारे लिए मध्य पूर्व – पश्चिम एशिया की स्थिति एक समझ योग्य चिंता है। इस बात को लेकर व्यापक चिंता है कि संघर्ष इस क्षेत्र में और फैल जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे चलाएगा सात हजार छठ और दिवाली स्पेशल ट्रेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रेलवे त्योहार पर यात्रियों को सुरक्षित सफर कराने के लिए सात हजार दिवाली और छठ स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। गुरुवार को कैबिनेट बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। केंद्रीय रेल और सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से रोज दो लाख यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा बैठक में दो बड़ी रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

### चक्रवात 'दाना' के आने से पहले ही बंगाल में आंधी-तूफान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। चक्रवात दाना के आने से पहले ही बंगाल के शमशेरगंज व फरक्का इलाकों में आंधी-तूफान की चपेट में आकर तीन नावों के डूब जाने से 16 मछुआरे लापता हो गए हैं। आपदा प्रबंधन दल उन्हें तलाश रहा है। मछुआरों के दल के साथ 10 से 12 साल के कई बच्चे भी नावों में सवार थे। प्रशासन की चेतावनी के बावजूद वे मछलियां पकड़ने निकले थे।

# जमीनी स्थिति बहाल करने पर बनी व्यापक सहमति

## भारत और चीन के बीच वार्ता के बाद एलएसी पर बोले राजनाथ सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन के बीच वार्ता के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गई है। इसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और मवेशियों को चराने की अनुमति देना भी शामिल है। रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच हुए समझौते को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया। ये वैश्विक मंच पर रक्षा वार्ता के महत्व को रेखांकित करता है।

राजनाथ सिंह ने कहा, भारत और चीन एलएसी के साथ कुछ क्षेत्रों में मतभेदों को सुलझाने के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों स्तरों पर बातचीत कर रहे हैं। वार्ता के बाद, समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांत के आधार पर जमीनी स्थिति को बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि इसमें गश्त करना, पारंपरिक क्षेत्रों में चरागाह गतिविधियों को अनुमति देना भी शामिल है। यह निरंतर बातचीत की बदौलत संभव हुआ है, क्योंकि देर-सवेर समाधान निकल ही जाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन के बीच एलएसी पर बनी सहमति ग्लोबल स्टेज में डिफेंस डायलॉग की अहमियत दिखाता है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन दोनों एलएसी पर कुछ एरिया में मतभेद को दूर करने के लिए लगातार डिप्लोमेटिक और मिलिट्री स्तर पर बातचीत कर रहे थे। यह लगातार बातचीत की ताकत है, क्योंकि बातचीत से ही जल्दी या देर में समाधान निकलते हैं।

### सैन्य और कूटनीतिक स्तरों पर हुई बातचीत

राजनाथ सिंह ने कहा, भारत और चीन एलएसी पर कुछ क्षेत्रों में मतभेदों को सुलझाने के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों स्तरों पर बातचीत की हैं। इस बातचीत के बाद, समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांत के आधार पर जमीनी स्थिति को बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गई है। उन्होंने ने कहा, इसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और (मवेशियों को) चराने की अनुमति भी शामिल है। यह निरंतर बातचीत में संलग्न होने की शक्ति है क्योंकि जल्द या बाद में समाधान निकलेगा।

# मस्जिद को लेकर हुआ बवाल धार्मिक संगठन ने निकाली रैली

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तरकाशी में मस्जिद हटाने को लेकर जनाक्रोश रैली निकाली गई। संगठन की रैली को रोकने के लिए पुलिस की ओर से बैरियर लगाए गए हैं, लेकिन लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। नारेबाजी करते हुए जनाक्रोश रैली बैरिकेड के पास पहुंची, जहां उनकी पुलिस से तीखी झड़प हुई। इस दौरान भीड़ ने पथराव कर दिया तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा।

गुरुवार को जय श्री राम के नारों के साथ धार्मिक संगठन ने जनाक्रोश रैली निकाली। धार्मिक संगठन द्वारा मस्जिद को लेकर निकाली जा रही रैली के चलते बाजार बंद कराए गए हैं। मस्जिद पुरानी है। धार्मिक संगठन की ओर से इसे अवैध बताया जा रहा है। हालांकि जिला प्रशासन इसे सरकारी भूमि पर अवैध रूप से नहीं बने होने को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चुका है। लेकिन संगठन इसे नहीं मान रहा है। पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम में गुरूवार को जनाक्रोश रैली निकाली गई।

पुलिस ने रैली को रोकने के लिए तीन जगह पर बैरियर लगाए है। सिंगल तिराहा सहित भटवाड़ी रोड ओर भैरव चौक में बैरियर के साथ भारी पुलिस बल तैनात है।

### जनाक्रोश रैली

- पथराव के बाद पुलिस ने किया लाठीचार्ज

### मस्जिद के पास जाने की अनुमति नहीं

मस्जिद के पास से जाने की अनुमति नहीं मिलने तक प्रदर्शनकारियों ने कहा कि व धरने पर अड़े रहेंगे। यही भाषणबाजी शुरू हो गई है। हालात बेकाबू होते देख एसडीएम भटवाड़ी मुकेश चंद रमोला मौके पर पहुंचे। जनाक्रोश रैली के चलते चारधाम यात्रा के वाहनों को पहले ही बड़ेथी मनेरा तेखला बाईपास से डायवर्ट किया गया है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# जिलाधिकारियों से एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब

- सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने जल जीवन मिशन की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रत्येक सप्ताह अनिवार्यतः समीक्षा के कड़े निर्देश देते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने जेजेएम के तहत योजनाओं की भौतकीय प्रगति, वित्तीय समापन, एक्शन टेकन रिपोर्ट, गांवों की हर घर जल प्रमाणीकरण की रिपोर्ट तलब की है। जल जीवन मिशन के तहत कार्यों की गुणवत्ता को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सख्त हिदायत देते हुए सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को फील्ड कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग व निरीक्षण हेतु प्रशासनिक मशीनरी के साथ टेक्नीकल टीम को सक्रिय करने करने निर्देश दिए हैं। जेजेएम के तहत कार्यों की गुणवत्ता के मुद्दे का गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव ने इस सम्बन्ध में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन करने वाले जनपदों की रिपोर्ट पर कड़ी नाराजगी जताई।

## न्यूज डायरी



### कोई भी देश भारत की अनदेखी नहीं कर सकता: निर्मला सीतारमण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। वाशिंगटन डीसी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय वार्षिक बैठक 2024 के दौरान सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित श्ब्रेटन वुड्स इंस्टीट्यूशंस एट 80रू प्रायोरिटीज फॉर द नेक्स्ट डिकेडश पर पैनल चर्चा में भाग लिया। इस दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है, क्योंकि हर छह में से एक व्यक्ति भारतीय है और दुनिया भारत की अर्थव्यवस्था को नजरअंदाज नहीं कर सकती। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी देश, चाहे वह अमेरिका हो जो बहुत दूर है या चीन जो बहुत करीब है, भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता। जब उनसे पूछा गया कि भारत और अन्य बड़े उभरते बाजार किस तरह आगे आकर ऐसी भूमिका निभा सकते हैं जिससे इस प्रक्रिया का स्वामित्व लेने और सुधार को आगे बढ़ाने में मदद मिले, तो सीतारमण ने कहा, हां, बिल्कुल संभव है और इस पर, मैं फिर से वहीं से शुरू करना चाहती हूं जहां मेरे प्रधानमंत्री का विचार आया था और यह अच्छी तरह से सोचा गया है। उन्होंने एक बार कहा था कि भारत की प्राथमिकता अपना प्रभुत्व थोपना नहीं है। इस मायने में कि हमारे पास दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, हमारे पास दुनिया की सबसे बड़ी आबादी है, लेकिन इसके प्रभाव को बढ़ाना है। यह केवल इसलिए है क्योंकि आज दुनिया में हर छह में से एक व्यक्ति भारतीय है और आप हमारी अर्थव्यवस्था और जिस तरह से यह बढ़ रही है, उसे अनदेखा नहीं कर सकते।

### ईरानी और चीनी हैकर कर सकते हैं अमेरिका के चुनावों को प्रभावित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से संबंधित वेबसाइटों और मीडिया आउटलेट्स पर ईरान के हैकिंग ग्रुप की नजर को लेकर माइक्रोसॉफ्ट ने अपने ब्लॉग में एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट में सीधे चुनाव की तैयारियों को प्रभावित करने की ईरानी और चीनी हैकरों की कोशिशों की ओर इशारा किया गया है। मई में भी इन्होंने कई अमेरिकी न्यूज आउटलेट्स की जांच की थी ताकि उनकी कमियों को ढूंढ़ा जा सके। माइक्रोसॉफ्ट ने इन हैकर्स को काटन सैंडस्टार्म नाम दिया है। ये ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े हैं। इन्होंने अमेरिकी चुनाव के लिए अहम स्विंग रुझान वाले राज्यों में चुनाव से जुड़ी वेबसाइटों की टोह लेकर इनमें घुसपैठ भी की। हालांकि अमेरिकी नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर के ऑफिस ने इस पर तात्कालिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह एजेंसी चुनावों को विदेशी प्रभाव से बचाने के लिए भी काम करती है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने अपनी टिप्पणियों में 2024 के अमेरिकी चुनावों में किसी तरह की संलिप्तता या हैकिंग की कोशिशों से इनकार किया है। पिछले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले भी काटन सैंडस्टार्म ने साइबर आपरेशन को अंजाम दिया था। उस समय फ्लोरिडा राज्य के नागरिकों को दक्षिणपंथी प्राउड ब्वायज नाम से हजारों ईमेल भेज कर धमकियां दी गई थीं।

### बांग्लादेश में मचा बवाल, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन घेरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को पांच अगस्त को उखाड़ फेंकने के बाद अब छात्रों ने राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। उन्होंने बंगभवन को घेर लिया और शहाबुद्दीन को पद छोड़ने के लिए सात दिनों का अल्टीमेटम दिया है। बीते सप्ताह एक साक्षात्कार में शहाबुद्दीन ने कहा था कि उनके पास अगस्त में देश छोड़ने से पहले हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने का कोई दस्तावेजी सुबूत नहीं है। इस बयान के बाद छात्र भड़क उठे। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने बुधवार को कहा कि उसने अभी राष्ट्रपति को पद से हटाने पर कोई निर्णय नहीं लिया है। इस बीच, अंतरिम सरकार ने शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग पार्टी के छात्र संगठन बांग्लादेश छात्र लीग पर आतंकवाद निरोधक कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया। अधिसूचना में कहा गया कि यह छात्र संगठन अवामी लीग सरकार के दौरान पिछले 15 सालों में कई अनैतिक गतिविधियों में शामिल रहा है। प्रदर्शन से संबंधित टीवी फुटेज में विभिन्न बैनर तले प्रदर्शनकारियों को पुलिस के साथ हाथापाई करते दिखाया गया है।

# कनाडा के सांसदों ने की ट्रूडो के इस्तीफे की मांग

## अपनी ही पार्टी में घिरे, 8 अक्टूबर तक का दिया अल्टीमेटम

रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ओटावा। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का भारत पर आरोप लगाने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारी मुसीबत में फंस गए हैं। अब बात उनकी कुर्सी पर भी आ गई है। कनाडा में सत्ताधारी लिबरल पार्टी के सांसदों की बैठक हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के लिबरल नेता के रूप में इस्तीफे की आंतरिक मांग तेज हो गई। बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान, असंतुष्ट सांसदों ने ट्रूडो को अपनी शिकायतें बताईं, जो पार्टी के अंदर के बढ़ते असंतोष को दिखा रही है। यह बैठक साप्ताहिक कॉकस मीटिंग का हिस्सा थी जो हाउस ऑफ कॉमन्स के सत्र के दौरान होती है। बैठक सांसदों के लिए सीधे पीएम ट्रूडो के समक्ष अपनी चिंताओं और निराशाओं को व्यक्त करने का एक मंच थी।

बता दें कि बीते कई महीनों से



ट्रूडो भारत के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। हमारे राजनयिकों को निशाना बना रहे हैं और लगातार भारत के खिलाफ बयानबाजी भी कर रहे हैं। लेकिन अब ट्रूडो अपने ही घर में घिर गए हैं। उनकी अपनी ही पार्टी के तमाम सांसदों ने विद्रोह पैदा कर दिया है। उनकी अपनी ही पार्टी के सांसद उन्हें पीएम पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। इन सांसदों का आरोप है कि अगर ट्रूडो के नाम पर चुनाव लड़ा गया तो वे पार्टी की लुटिया डूबो देंगे। ट्रूडो को अपनी ही पार्टी के भीतर से बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है, असंतुष्ट लिबरल सांसदों ने उन्हें 28 अक्टूबर तक अपने भविष्य पर फैसला करने को लेकर अल्टीमेटम दिया है।

कॉकस की बैठक के दौरान ट्रूडो के इस्तीफे के मामले को रेखांकित करते हुए एक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया, लेकिन इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यदि वह समय सीमा का पालन नहीं करते हैं तो फिर क्या परिणाम होंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, रेडियो–कनाडा से बात करते हुए सूत्रों ने बताया कि 24 सांसदों ने ट्रूडो से लिबरल नेता के पद से इस्तीफा देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। बैठक के दौरान, ब्रिटिश कोलंबिया के सांसद पैट्रिक वीलर ने एक दस्तावेज पेश किया जिसमें ट्रूडो के इस्तीफे के पक्ष में तर्क दिया गया। दस्तावेज में कहा गया है कि लिबरल पार्टी में उसी तरह का पुनरुत्थान हो सकता है जैसा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा देश में आगामी राष्ट्रपति चुनावों के लिए फिर से चुनाव न लड़ने का विकल्प चुनने के बाद डेमोक्रेट्स ने देखा था। इमीग्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने कुछ लिबरल सांसदों की कुंठाओं को स्वीकार किया है तथा उन लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त किया है जिन्होंने सीधे ट्रूडो के समक्ष अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। कनाडा में ताजा राजनीतिक दरार वास्तव में भारत और कनाडा के बीच बढ़ते तनाव से प्रेरित है।

## अमेरिका ने तानाशाह किम को दी खुली चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** वॉशिंगटन। दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने पुष्टि की है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध का समर्थन करने के लिए उत्तर कोरिया ने रूस में 1,500 विशेष ऑपरेशन बल भेजे हैं। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा था कि उनकी सरकार को खुफिया जानकारी मिली है कि 10 हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूसी सेना में शामिल होने के लिए तैयार किया जा रहा है। दक्षिण कोरिया और यूक्रेन के इन दावों पर अमेरिका ने चिंता जाहिर की है।

बीती शाम को वॉइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा,ष्अगर वो(उत्तर कोरियाई सेना) यूक्रेन के खिलाफ लड़ने के लिए तैनात होते हैं तो वो भी टारगेट बनेंगे। यूक्रेनी सेना उत्तर कोरियाई सैनिकों के खिलाफ उसी तरह से लड़ेगी जिस तरह से वे रूसी सैनिकों के खिलाफ लड़ रही है।

किर्बी ने कहा कि अमेरिका इस मामले से गंभीरता से नजर बनाए हुए है। हमें अभी तक नहीं पता है कि ये सैनिक रूसी सेना के साथ मिलकर उत्तर कोरिया की सेना युद्ध करेगी या नहीं, लेकिन जो रिपोर्ट सामने आई है वो चिंताजनक है। किर्बी ने आगे कहा कि उत्तर कोरियाई सेना के साथ रूस का सहयोग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कई प्रस्तावों का उल्लंघन है।



## तुर्किये ने लिया आतंकवादी हमले का बदला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अंकारा। इजरायल ईरान युद्ध के बीच तुर्किये पर आतंकी हमला हुआ। यह हमला तुर्किये की राजधानी अंकारा में रक्षा कंपनी तुर्किये एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के मुख्यालय पर किया गया। आतंकवादी हमले में 10 लोग मारे गए और इस हमले को तीन आतंकियों ने अंजाम दिया। इसमें एक महिला आतंकी भी थी। सुरक्षाबलों ने महिला आतंकी समेत दो हमलावरों को मार गिराया। सबसे अहम बात ये है कि हमले की टाइमिंग काफी सोच–समझकर चुनी गई है। तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन इस वक्त देश में मौजूद नहीं हैं, वह ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेने के लिए ही रूस पहुंचे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि काफी प्लानिंग के साथ ये हमला किया गया है। बता दें कि आतंकी हमले के बाद इस हमले का बदला तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने लिया है। तुर्किये की वायु सेना ने इराक और सीरिया में कुर्दिश आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया।

# कनाडा के रास्ते भारत को घेरने की पश्चिमी चाल नाकाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कजान। जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हाथ मिलाया तो पूरी दुनिया की नजर इस पर थी। 2019 के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली द्विपक्षीय मुलाकात थी। ये मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब दो दिन पहले ही दोनों देशों के बीच एक नए सीमा समझौते पर सहमति बनी, जिसने यह सुनिश्चित किया कि लद्दाख के गलवान में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पहले जैसी स्थिति हो जाएगी।

5 साल बाद हो रही इस मुलाकात में एक नई गर्माहट दिखाई दी। साथ ही भारत को खालिस्तानी आतंकवाद के मुद्दे कनाडा के बहाने घेरने की

### जिनपिंग के साथ मुलाकात में पश्चिम को दिया सीधा संदेश

कोशिश करने वाले पश्चिमी देशों के लिए साफ संदेश भी था।

जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा, हम 5 साल बाद औपचारिक बैठक कर रहे हैं। हमारा मानना है कि भारत–चीन संबंध न केवल हमारे लोगों के लिए बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। हम सीमा पर पिछले 4 वर्षों में उत्पन्न मुद्दों पर बनी आम सहमति का स्वागत करते हैं। सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों का आधार बने रहना चाहिए।

शी जिनपिंग ने भी अपनी टिप्पणी में बैठक के वैश्विक महत्व को रेखांकित किया और कहा, श्हमारे दोनों देशों के लोग और अंतरराष्ट्रीय समुदाय हमारी बैठक पर बहुत ध्यान दे रहा है।

शी ने भारत और चीन को प्राचीन सभ्यताओं, प्रमुख विकासशील देशों और वैश्विक दक्षिण के महत्वपूर्ण सदस्यश के रूप में संबोधित किया और संबंधों को सही दिशा में ले जाने आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक दूसरे के विकास के लिए अपने मतभेदों और असहमितयों को ठीक से संभालना महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान दोनों नेताओं के वक्तव्यों को पश्चिम के लिए साफ संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### ईरान संग बड़े प्लान पर आगे बढ़ेगा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। गाजा और लेबनान को लेकर इजरायल और ईरान में भीषण लड़ाई के खतरे के बीच पीएम मोदी ने ब्रिक्स समिट से बड़ा संदेश दिया है जो हमारे दोस्त यहूदी देश को रास नहीं आएगा। पीएम मोदी ने न केवल इस पूरे इलाके में जारी हिंसा पर गहरी चिंता जताई बल्कि चाबहार पोर्ट और मास्को को मुंबई से जोड़ने वाले इंटरनैशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर को लेकर बड़ा ऐलान किया है। भारतीय प्रधानमंत्री ने ईरान के नए राष्ट्रपति डॉक्टर मसूद पेजेशकिआन से रूस के कजान शहर में मुलाकात की। पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से ऐसे समय पर मुलाकात की है जब इजरायल के शिया देश पर भीषण हमले का खतरा मंडरा रहा है। पीएम मोदी और ईरानी राष्ट्रपति ने मुलाकात में चाबहार बंदरगाह और रूस– मुंबई कॉरिडोर के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया। यह पूरे इलाके में व्यापार और आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के लिए जरूरी है।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# परियोजनाओं के निर्माण में आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान के निर्देश

## जिलाधिकारी ने की बीआरओ की सड़क परियोजनाओं की समीक्षा

समीक्षा

**संवाददाता**

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने गुरूवार को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विभिन्न स्तरों पर सड़क निर्माण कार्यो से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि भूमि अधिग्रहण, वन भूमि हस्तांतरण और मुआवजा वितरण से जुड़े मामलों का त्वरित निस्तारण करें और परियोजना के निर्माण कार्यो को तेजी से पूरा किया जाए। किसी भी स्तर पर अनावश्यक रूप से कोई भी प्रकरण लंबित ना रखे।



बीआरओ के अधिकारियों ने बताया कि मारवाड़ी–माणा तक स्लोप प्रोटेक्शन के सात कार्य शुरू किए जाने है। इसके अलावा 12 अन्य स्लोप प्रोटेक्शन के कार्य स्वीकृत होने है। प्रोटेक्शन कार्यो का मलबा निस्तारण के लिए डम्पिंग जोन की आवश्यकता पर जिलाधिकारी ने एसडीएम, डीएफओ और बीआरओ को संयुक्त निरीक्षण करते हुए डम्पिंग स्थल चयन करने के निर्देश दिए। कहा कि डम्पिंग के लिए राजस्व भूमि को प्राथमिकता दें ताकि भूमि हस्तांतरण में देर न हो। डीएफओ को माणा–माणापास मोटर मार्ग पर सीए लैंड से संबंधित प्रकरण का प्राथमिकता पर निस्तारण करने को कहा। जोशीमठ–मलारी मोटर मार्ग चौडीकरण एवं विस्तारीकरण के लिए भूमि संरक्षण एवं डंम्पिग स्थल चयन हेतु डीएफओ और एसडीएम को बीआरओ के साथ संयुक्त निरीक्षण करने और अपर जिलाधिकारी को राजस्व रिकार्ड से भूमि के प्रकार की जानकारी बीआरओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कुरकुती गमशाली–नीती मोटर मार्ग पर ग्राम वासियों की अधिग्रहित भूमि का शीघ्र प्रतिकर भुगतान और नामान्तरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि मलारी–गिर्थीडोबला मोटर मार्ग एवं अन्य परियोजनाओं में जिनमें म्यूटेशन की कार्रवाई अपेक्षित है, उसमें तहसील जोशीमठ से समन्वय करते हुए शीघ्र म्यूटेशन कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई में तेजी लाए और जिनको मुआवजा दिया जाना है उनको शीघ्र मुआवजा वितरण करते हुए परियोजनाओं के निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। जोशीमठ–औली सड़क सुधारीकरण कार्यो को भी शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सिमली–ग्वालदम सड़क चौडीकरण में जिन लोगों को मुआवजा दिया जा चुका है, उनकी सूची बीआरओ को भी दी जाए। जिलाधिकारी ने बीआरओ को निर्देश दिए कि मलबा निस्तारण के लिए बनाए गए सभी डम्पिंग जोन को लेवल करें और वन विभाग के सहयोग से वहां पर वृक्षारोपण किया जाए। किसी सुरक्षित डम्पिंग जोन पर पार्किंग बनाई जा सकती है तो वहां पर पार्किंग तैयार की जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसडीएम सीएस बशिष्ठ, बीआरओ के कर्नल अंकुर महाजन, मेजर आदित्य सिंह, मेजर प्रतीक काले सहित खनन, लोनिवि, वन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### वाहन की मजिस्ट्रेटी जांच करेंगे ज्योर्तिमठ के उपजिलाधिकारी

**संवाददाता** चमोली। तहसील ज्योर्तिमठ के राजस्व ग्राम जेलम के अन्तर्गत भाप कुंड नामक स्थान पर 15 अक्टूबर को रात्रि 12:30 बजे वाहन संख्या जेके–02 सीवी–0183 खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें सवार 3 व्यक्तियों में से दो की मौके पर मृत्यु हो गयी थी तथा 01 व्यक्ति घायल हो गया था। जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देशों के इस वाहन की मजिस्ट्रेटी जांच उपजिलाधिकारी ज्योर्तिमठ द्वारा की जा रही है। जांच अधिकारी चन्द्रशेखर वशिष्ठ ने बताया कि इस घटना के संबंध में किसी के पास कोई जानकारी हो अथवा कोई दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो वे 07 नवम्बर तक उनके कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित या मौखिक रूप में जानकारी दे सकता है।

### त्रिबार्षिक चुनाव के लिए सदस्य अभियान लगातार जारी

**संवाददाता** पुरोला। व्यापार मण्डल पुरोला में होने वाले त्रिबार्षिक चुनाव के लिए प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रदेश तथा यमुनाघाटी व्यापार मंडल के नेतृत्व में सदस्य अभियान लगातार जारी है। जिसमें अभी तक चुनाव संचालन समिति की ओर से जारी सदस्यता अभियान के तहत 307 व्यापारी सदस्यता वन चुके है। पुरोला में लगभग व्यापारियों की संख्या 600 हैं। आयोजित "प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला यमुनाघाटी के अध्यक्ष कबूल सिंह पंवार व प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र असवाल के नेतृत्व में सदस्यता संचालन समिति द्वारा लगातार दूसरे दिन भी प्रत्येक प्रतिष्ठान पर व्यापारियों से सम्पर्क कर सदस्यता अभियान चलाया। अब तक 307 व्यापारी सदस्यता लें चुके हैं। जिलाध्यक्ष कबूल सिंह पंवार ने बताया सदस्यता अभियान निरन्तर जारी है। तथा सदस्य बनने वाले व्यापारी ही चुनाव में प्रतिभाग कर सकेगें।

### जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड ने सोलरिज इन्वेस्ट के साथ साझेदारी की

**संवाददाता** देहरादून। जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड (बीएसईरू 531449, एनएसईरू जीआरएमओवर), जो बासमती चावल का एक प्रमुख भारतीय निर्यातक और एफएमसीजी सेक्टर में अग्रणी है, ने चिली में सोलरिज इन्वेस्ट के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के माध्यम से, जीआरएम अपने प्रमुख बासमती चावल ब्रांड तनुश को चिली के उपभोक्ताओं के सामने सोलरिज इन्वेस्ट के विस्तृत वितरण नेटवर्क के जरिए पेश करेगा। तनुश को 1 किलो और 5 किलो के पैक में उपलब्ध कराया जाएगा। समझौते के अनुसार, सोलरिज इन्वेस्ट चिली में जीआरएम ओवरसीज के उत्पादों का एकमात्र वितरक होगा। इस क्षेत्र में सोलरिज इन्वेस्ट की मजबूत उपस्थिति बढ़ाने में सहायक होंगी।

## सभी व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का समय से चाक–चौबंद करने के निर्देश

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन को पारदर्शिता, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने अगस्त्यमुनि क्रीड़ा भवन में बनाए जाने वाले स्ट्रांग रूम एवं मतगणना हॉल का निरीक्षण कर की जाने वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को चाक–चौबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन आयोग द्वारा जो भी गाइडलाइन एवं दिशा–निर्देश प्राप्त हुए हैं उन्ही के अनुसार मतगणना एवं स्ट्रांग रूम के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने मतगणना हॉल को बैरिकेडिंग एवं जाली की समुचित व्यवस्था से तैयार किया जाए। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन की तैयारियों को लेकर उनके द्वारा ईवीएम के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही ईवीएम काउंटिंग हॉल तथा जहां स्कैनिंग जांच होगी उसका भी जायजा लिया गया। इसके अलावा पोस्टल बैलेट की काउंटिंग होगी उनकी तैयारियों को भी परखा गया। उन्होंने बताया कि मीडिया एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए ईवीएम काउंटिंग हॉल व ईवीएम मशीनों के डिस्प्ले को नियत स्थान पर रखे जाने हेतु भी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



### सभी कार्मिकों का एक ही लक्ष्य होना चाहिएः मुख्य विकास अधिकारी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। आगामी 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में निर्वाचन कार्य को संपादित कराने के लिए तैनात किए गए कार्मिकों को मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती की अध्यक्षता में राजकीय महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में दो पालियों में 02 जोनल मजिस्ट्रेट, 30 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 230 पीठासीन मतदान अधिकारियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट व निर्वाचन का सामान्य प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी का लक्ष्य होना चाहिए कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हो।

## आदिबदरी, खेता और थापली बनेंगे मशरूम उत्पादन के मॉडल विलेज

**संवाददाता**

चमोली। चमोली जिले के गैरसैंण ब्लॉक के आदिबदरी, खेती और थापली गांवों को मशरूम उत्पादन के मॉडल के रूप में विकसित करने की कवायद शुरु हो गई है। यहां कृषि और उद्यान विभाग की ओर से जहां गांवों में मशरूम शेड का निर्माण शुरु कर दिया गया है। वहीं काश्तकारों को कम्पोस्ट वितरण के साथ ही क्षेत्र के 10 काश्तकारों को प्रशिक्षण के लिए हरिद्वार भेजा गया है। योजना का उद्देश्य जनपद में मशरूम उत्पादन बढाना और प्रशिक्षण के लिये बाहरी क्षेत्रों पर निर्भरता कम करना है।

मुख्य कृषि अधिकारी जय प्रकाश तिवाड़ी ने बताया कि जिलाधिकारी संदीप तिवारी की पहल पर निर्देश पर

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित मूल्यांकन समिति करेगी फैसला

कृषि व उद्यान विभाग की ओर से गैरसैंण के आदिबदरी, खेती और थापली गांवों को मशरुम उत्पादन के मॉडल विलेज बनाने की योजना बनाई गई है। जिसके तहत जिला योजना और मनरेगा के सहयोग से गांवों में एक स्वयं सहायता समूह और 28 काश्तकारों के साथ योजना का क्रियांवयन शुरु किया गया है। योजना के तहत पहले चरण में मशरुम उत्पादन के लिए क्षेत्र में मशरुम शेड का निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया है। साथ ही क्षेत्र के काश्तकारों को मशरुम उत्पादन के प्रशिक्षण के लिए हरिद्वार के बुग्गावाला भेजा गया है और काश्तकारों को कम्पोस्ट वितरण की प्रक्रिया भी शुरु कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष जनपद में एक महिला स्वयं सहायता समूह और 20 काश्तकारों के साथ संचालित योजना से जिले में 30 कुंतल मशरुम का उत्पादन किया गया था। ऐसे में गैरसैंण क्षेत्र में शुरु की गई योजना के बाद जनपद में मशरूम का उत्पादन बढ़कर 45 से पचास कुंतल हो जाएगा।

गैरसैंण क्षेत्र में काश्तकारों की ओर से फसलों को वन्य जीवों द्वारा नुकसान पहुंचाने की शिकायत को देखते हुए पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। जिसके लिए गैरसैंण ब्लॉक के आदिबदरी, खेती और थापली गांवों को मशरूम उत्पादन के मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिससे जहां एक ओर काश्तकारों की आय में वृद्धि होगी।

### एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स 2024 के विजेताओं की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक समूह ने एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स – 2024 के विजेताओं की घोषणा कर दी है। समूह की प्रत्येक कंपनी के पास स्टार्ट–अप के साथ काम करने की विरासत है जो दोनों संगठनों के लिए फायदेमंद रही है। एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स, स्टार्ट–अप इकोसिस्टम के साथ जुड़ाव बढ़ाने और व्यापार करने, प्लेटफॉर्म साझा करने, वित्तपोषण और निवेश प्रदान करने, सह–शिक्षण और उत्पादों और पेशकशों के सह–निर्माण की सुविधा प्रदान करने के लिए एचडीएफसी कैपिटल द्वारा वर्षों से बनाए गए प्लेटफॉर्म के लिए लाभदायक है। यह पहली बार है कि कार्यक्रम को प्रॉपटेक, फिनटेक, सस्टेनेबिलिटी टेक, कंज्यूमर टेक और न्यू एज टेक को कवर करने वाले सेगमेंट में समूह स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।

सुनना सीख लो, सहना सीख जाओगे। और सहना सीख लिया तो रहना सीख जाओगे।-अज्ञात

विचार-प्रवाह देहरादून, शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024
पेज थ्री
www.page3news.in

# माहौल बनाने में मदद

**इस लिहाज से महायुति सरकार के ताजा फैसले को लोकसभा चुनावों की गलती को दुरुस्त करने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। आर्थिक तौर पर सशक्त न होने के बावजूद वह आरक्षण का फायदा नहीं उठा पा रहा था।**

अनुज श्रीवास्तव।।

महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने जिस तरह से ओबीसी आरक्षण के लिए निर्धारित नॉन क्रीमी लेयर सीमा को लगभग दोगुना करवाने का संकेत दिया, उससे दो बातें बिल्कुल साफ हो गई हैं। एक तो यह कि सत्तारूढ़ छक। खेमा हरियाणा में मिली अप्रत्याशित जीत से बने उत्साहपूर्ण माहौल में एक पल भी गंवाए बगैर अपना पूरा ध्यान महाराष्ट्र चुनाव पर लगा चुका है। दूसरी बात यह कि हरियाणा के अनुभव की रोशनी में उसने यहां सबसे बड़ा दांव ओबीसी समुदाय के वोटरों पर लगाने का फैसला किया है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ऐन पहले की गई इस घोषणा का हरियाणा में ठश्रच को मिली जीत से ही नहीं, वहां अपनाई गई रणनीति से भी सीधा संबंध है। चुनाव से पहले के हालात हरियाणा में भी बीजेपी के अनुकूल नहीं थे। वहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसी साल जून महीने में ओबीसी समुदायों से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान नॉन–क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाने का वादा किया। कई एक्सपर्ट मानते हैं कि इस वादे ने अंदर ही अंदर इस समुदाय के वोटरों पर निर्णायक प्रभाव डाला।



महाराष्ट्र की राजनीति के संदर्भ में देखें तो यह फैसला और ज्यादा अहमियत रखता है। यहां मराठा आरक्षण की मांग पिछले कुछ समय से खासी चर्चित रही है। लोकसभा चुनावों से पहले राज्य सरकार ने मराठा समुदाय को ओबीसी कोटे के अंदर से ही रिजर्वेशन देने की घोषणा की थी। माना जाता है कि महायुति को इसका खामियाजा ओबीसी वोटरों की नाराजगी के रूप में भुगतना पड़ा। इस लिहाज से महायुति सरकार के ताजा फैसले को लोकसभा चुनावों की गलती को दुरुस्त करने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है।

यह मांग कुछ कोनों से उठाई भी जा रही थी। आठ लाख की मौजूदा सीमा के कारण ओबीसी परिवारों का एक बड़ा हिस्सा जो इस सीमा से थोड़ा ही ऊपर था, वंचित महसूस कर रहा था। आर्थिक तौर पर सशक्त न होने के बावजूद वह आरक्षण का फायदा नहीं उठा पा रहा था। अगर यह सीमा 15 लाख रुपये सालाना कर दी जाती है, और जैसा कि राज्य सरकार के स्तर पर संकेत दिया जा रहा है, संभवतरू जल्दी ही कर भी दी जाएगी, तो ऐसे तमाम परिवार इससे प्रभावित होंगे। एनडीए को उम्मीद है कि इससे न सिर्फ उसे वोटों का फायदा होगा बल्कि अपने अनुकूल माहौल बनाने में भी सहायता मिलेगी।

बहरहाल, चुनावी नफा–नुकसान से थोड़ा अलग हटकर देखें तो तय है कि इस तरह के दाव–पेच न तो अच्छे नीतिगत फैसलों को जन्म देते हैं और न ही आम लोगों के दीर्घकालिक हितों को पूरा कर सकते हैं। फिर भी अगर ये चुनाव–दर–चुनाव चलते चले आ रहे हैं तो इससे राजनीति की क्वॉलिटी ही नहीं वोटरों की प्रायॉरिटी भी रेखांकित होती है।

## जीना मुश्किल

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** पूरी पृथ्वी पर बहुत ज्यादा जहरीले सांप पैदा हो गए थे और बहुत ज्यादा बड़े–बड़े सांप पैदा हो गए थे क्योंकि उसकी मृत्यु भी नहीं हो रही थी। अब तो पूरी दुनिया के लोगों का जीवन और जीना मुश्किल हो गया था। फिर उसके बाद लोहार को अपने पर पछतावा होता है और कहता है कि मैंने बेकार में यमराज को उस कुर्सी पर बैठा दिया पूरी दुनिया को तहस–नहस हो गया है।
फिर उसके बाद लोहार को अपने आप पर पछतावा होता है और कहता है कि मुझे तो मौत का मजा चखना ही है क्यों ना हम पूरी दुनिया को बचा ले वो यमराज को वहां से आजाद कर दे। वह फिर अपने लोहार वाली दुकान में गया हो यमराज को वहां से आजाद कर दिया।

...... शेष कल

## संपादकीय

### मालदीव की सीख

जहां तक भारत–विरोध की बात है, तो मालदीव के जरिये इसे बेहतर समझा जा सकता है। वहां मुइज्जू ने चुनाव ही भारत–विरोध के नाम पर लड़ा था। सत्ता में आने के बाद उन्होंने भारत–विरोधी फैसले लिए। लेकिन, जल्दी ही उन्हें पटरी पर आना पड़ा। फिलहाल खुद को साबित करने की दिसानायके की चुनौती ज्यादा बड़ी है। श्रीलंका पर 36 बिलियन डॉलर का कर्ज है। इसमें से 7 बिलियन डॉलर का कर्ज तो अकेले चीन का है। करीब 26: लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं। बढ़ती महंगाई के कारण लोगों की क्रय शक्ति प्रभावित हुई है। आने वाले दिनों में यह भी देखना होगा कि वामपंथी दिसानायके की सरकार का चीन के प्रति अतिरिक्त झुकाव रहता है या नहीं। लिहाजा दिसानायके सबसे पहले श्रीलंका को पटरी पर लाना चाहेंगे। मालदीव की तुलना में श्रीलंका की स्थिति ज्यादा जटिल है। ऐसे में, नई सरकार भारत के खिलाफ सख्त रुख अपनाना अफोर्ड नहीं कर सकेगी।

**मतदाताओं ने न सिर्फ भारी संख्या में मतदान किया, बल्कि जमे–जमाए प्रत्याशियों को बाहर कर बदलाव की बात करने वाले को चुना। कई चीजें पहली बार हुईं।**

# बदलाव की जरूरत

कल्लोल चक्रवर्ती।।

राष्ट्रपति चुनाव में श्रीलंका के मतदाताओं ने श्रमिक के बेटे अनुरा कुमारा दिसानायके को चुना। वह दो दशकों से संसदीय राजनीति में हैं। उन्होंने चुनाव अभियान के दौरान गरीबों और कामगारों के हित में और एलीट राजनेताओं के खिलाफ आवाज उठाई थी।

साल 2019 में राजनीतिक पार्टियों, युवाओं, महिला समूहों, ट्रेड यूनियनों और सिविल सोसायटी समूहों को जोड़कर नैशनल पीपल्स पावर का गठन किया गया। जनता विमुक्ति पैरामुना के दिसानायके इसके प्रत्याशी थे। उन्होंने भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच करने, राष्ट्रीय विकास बैंक गठित करने, महिला सशक्तीकरण और गरीबों की मुश्किलें दूर करने के लिए आईएमएफ से दोबारा बात करने की प्रतिबद्धता जताई थी। मतदाताओं ने दिसानायके के वादों पर भरोसा किया और अनुभवी रानिल विक्रमसिंघे और भारत समर्थक साजिथ प्रेमदासा को खारिज कर दिया।

मतदाताओं ने न सिर्फ भारी संख्या में मतदान किया, बल्कि जमे–जमाए प्रत्याशियों को बाहर कर बदलाव की बात करने वाले को चुना। कई चीजें पहली बार हुईं। जैसे, पहली बार दूसरे दौर की गिनती हुई और 50 प्रतिशत से कम वोट पाने वाला उम्मीदवार राष्ट्रपति चुना गया। पहली बार एक वामपंथी नेता राष्ट्रपति की कुर्सी पर



बैठने जा रहा है। 2019 के चुनाव में 3 प्रतिशत से कुछ अधिक वोट पाने वाले दिसानायके को पांच साल बाद सबसे अधिक वोट मिले, तो इसी से उनकी लोकप्रियता का पता चलता है। हालांकि यह देखना होगा कि संसद में मात्र 3 सीट होने के कारण वह कैबिनेट कैसे गठित करेंगे। दशकों बाद श्रीलंका की सत्ता राजनीति भ्रष्ट माने जा रहे राजपक्षे परिवार से भी मुक्त दिख रही है। महिंदा राजपक्षे के बेटे नमाल को 5 प्रतिशत वोट मिले।

दिसानायके की पार्टी जेवीएफ हिंसक संघर्ष के लिए जानी जाती रही है। हालांकि दिसानायके के नेतृत्व में पार्टी ने सशस्त्र क्रांति की हिंसक पहचान से बाहर निकल पारदर्शिता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक समाजवाद के रास्ते पर चलना शुरू किया। लेकिन, चौतरफा चुनौतियों के बीच श्रीलंका को बदलने के लिए पहले खुद दिसानायके को बदलना पड़ेगा। उन्होंने अल्पसंख्यक तमिलों और मुस्लिमों को कभी महत्व नहीं दिया। अब उन्हें अपनी सोच बदलनी होगी। उन्हें कारोबारियों को भी भरोसा दिलाना होगा कि वह उनके विरोधी नहीं।

चुनाव अभियान के दौरान जब तमिलों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संविधान के 13वें संशोधन को लागू करने का मुद्दा उठा था, तब दिसानायके ने संविधान ही बदल देने की बात की थी। यह देश के 23 लाख तमिलों के लिए झटका था। अब संविधान बदलने की तो बात दूर, देश की 11.2 प्रतिशत तमिल आबादी को उन्हें भरोसा दिलाना होगा कि वह उनके हित में काम करेंगे। दिसानायके ने आईएमएफ के कर्ज की रीस्ट्रक्चरिंग के लिए उससे दोबारा बात करने का वादा किया था। लेकिन, वह भी जानते हैं कि यह आसान नहीं, क्योंकि आईएमएफ के कर्ज के साथ शर्तें जुड़ी होती हैं। दिसानायके और उनकी पार्टी जनता विमुक्ति पैरामुना की छवि भारत–विरोधी की रही है। एनपीपी में शामिल सिविल सोसायटी और पर्यावरण समूह भी भारत विरोधी बताए जाते हैं। जेवीपी ने 1987 में दूसरा सशस्त्र विद्रोह भारत और श्रीलंका के बीच हुए समझौते के खिलाफ किया था। दिसानायके के चुने जाने से देश की तमिल आबादी निराश है।

### सूडोकू नवताल- 5353

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -5352 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## अपना ब्लॉग

### संतुलन की चाहत

**मोहन।** हालांकि चुनाव से पहले ही दिसानायके ने भारत–विरोधी रुख में बदलाव का संदेश दिया था। फरवरी में भारत आए दिसानायके ने कहा था कि भारत की संवेदनशीलता का ध्यान रखा जाना चाहिए। नतीजे आने के बाद जेवीपी ने जिस तरह कहा कि श्रीलंका को भारत और चीन की भू–राजनीतिक लड़ाई का केंद्र नहीं बनने देंगे, उससे भी साफ होता है कि नई सरकार संतुलन बनाकर चलेगी। दिसानायके यह भी कैसे भूल सकते हैं कि श्रीलंका के आर्थिक संकट के समय भारत ने उसे चार अरब डॉलर कर्ज दिया था। श्रीलंका ने अपने प्रमुख बंदरगाह हंबनटोटा को 99 साल की लीज पर चीन को तो सौंपा ही, 2006 से 2022 के बीच श्रीलंका को कर्ज, अनुदान और राहत पैकेज के तौर पर चीन से बड़ी आर्थिक मदद मिली। ऐसे ही, वर्ष 2005 में चंद्रिका कुमारतुंग की सरकार में मंत्री रहे दिसानायके ने तमिल आतंकी संगठन लिट्टे के साथ मिलकर काम करने से इनकार कर दिया था। पिछले साल सितंबर में दिसानायके ने अडाणी ग्रुप के विंड एनर्जी प्रॉजेक्ट को पर्यावरण–विरोधी बताकर रद्द करने की बात कही थी।





## क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म में स्पाइडर मैन फेम टॉम हॉलैंड की एंट्री

ओपेनहाइमर, टेनेट, इंटरस्टेलर, इन्सेप्शन, द डार्क नाइट राइजेज, सदी से सबसे महान डायरेक्टर्स में शुमार क्रिस्टोफर नोलन की नई फिल्म का इंतजार हर किसी को है। पिछले दिनों खबर आई थी कि नोलन ने अपनी अगली फिल्म में मैट डैमन को कास्ट किया है। अब नई रिपोर्ट में कहा गया है कि वह स्पाइडर मैन फेम टॉम हॉलैंड को भी ऑफर दिया है। अगर सब ठीक रहा तो टॉम हॉलैंड अपने करियर की सबसे बड़ी फिल्म में मैट डेमन के साथ दिखाई देंगे। क्रिस्टोफर नोलन इस फिल्म की कहानी भी लिख रहे हैं और इसे डायरेक्ट भी करेंगे। यह फिल्म यूनिवर्सल पिक्चर्स के बैनर तले 17 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हालांकि, यूनिवर्सल पिक्चर्स ने अभी तक टॉम हॉलैंड की कास्टिंग पर कोई बयान जारी नहीं किया है। लेकिन समझा जा रहा है इस फिल्म की शूटिंग 2025 की शुरुआत में शुरू हो जाएगी। क्रिस्टोफर नोलन और यूनिवर्सल पिक्चर्स की जोड़ी की पिछली फिल्म ओपेनहाइमर थी, जिसने बेस्ट फिल्म का ऑस्कर अवॉर्ड जीता। यही नहीं, इसने दुनियाभर में 975 मिलियन डॉलर यानी करीब 8000 करोड़ रुपये की कमाई की। वर्कफ्रंट की बात करें तो टॉम हॉलैंड ने बीते दिनों ही बताया था कि वह मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में एक बार फिर पीटर पार्कर बनकर लौट रहे हैं।

## सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने हजारों करोड़ में खरीदा रिदम हाउस

एक्ट्रेस सोनम कपूर और उनके पति आनंद आहूजा ने एक बहुत महंगी प्रॉपर्टी खरीदी है। बताया जा रहा है कि कपल ने मुंबई में एक म्यूजिक स्टोर अपने नाम करने जा रहे हैं, जिसके लिए वह 478.4 मिलियन रुपये भुगतान करेंगे। इस रकम को अगर भारतीय रुपये में कन्वर्ट करें तो वह 40,18,84,99,171.80 (4 हजार 18 करोड़ रुपये) होगी। इस स्टोर का नाम रिदम हाउस है, जिसे 2018 में बंद कर दिया गया था। इसको कोई और नहीं, बल्कि फायरस्टार डायमंड इंटरनेशनल प्राइवेट के मालिक नीरव मोदी चलाते थे। हालांकि अरबों डॉलर के बैंक कर्ज के कारण उन्होंने इसे गंवा दिया था। ब्लूमबर्ग न्यूज को स्टोर की देखरेख करने वाले शख्स ने फोन पर दिए इंटरव्यू में इसकी खरीद के बारे में पुष्टि की है। सोनम कपूर और आनंद आहूजा मालिक हैं। इसके प्रवक्ता ने बताया है कि कपल ने रिदम स्टोर खरीदा है। हालांकि उन्हेंने रकम के बारे में कुछ नहीं बताया है। बताया जा रहा है कि रिदम हाउस, मुंबई के काला घोड़ा जिले में है और 3,600 वर्ग फुट में फैला हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब ये स्टोर बंद हुआ था तो उसके पहले ये बहुत मशहूर था। यहां पर न सिर्फ दिग्गज म्यूजिशियन आते थे।

## कृति ने की काजोल की खिंचाई, अजय देवगन बने सुनील ग्रोवर को देख छूटी हंसी



द ग्रेट इंडियन कपिल शो 2 में अब काजोल, कृति सेनन और शहीर शेख नजर आएंगे। तीनों अपनी फिल्म दो पत्ती को प्रमोट करने शो में पहुंचे। मेकर्स ने आने वाले एपिसोड का प्रोमो भी रिलीज किया है। इसमें जहां कपिल शर्मा, काजोल से कई मजेदार सवाल पूछते दिखे, तो वहीं कृति ने भी काजोल की खिंचाई की। उधर, सुनील ग्रोवर और कृष्णा अभिषेक ने अजय देवगन पर किए जोक्स से सभी को हंसी से लोटपोट कर दिया। कपिल शर्मा बोलते हैं, काजोल मैम आपने अजय सर से नहीं पूछा कि मैं पुलिस अफसर का रोल कर रही हूं, तो मुझे भी कुछ आता माजी सटकलीश जैसा कुछ बताओ। इस पर काजोल बोलीं, इन्हीं बिल्कुल भी नहीं पूछा, क्योंकि पूरी ट्रेनिंग मैंने दी है उनको सिंघम के लिए। भूल गए? यह सुनकर कपिल के चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगती हैं, और अर्चना पूरन सिंह की हंसी छूट जाती है। इसके बाद सुनील ग्रोवर ने एंट्री की। वह अजय देवगन के गेटअप में पहुंचे और मिमिक्री की। अजय देवगन बने सुनील ग्रोवर को देख काजोल हैरान रह गईं। वहीं, कृष्णा अभिषेक, जग्गू दादा उर्फ जैकी श्रॉफ बनकर सबको खूब हंसाते हैं। अजय देवगन को लेकर किए गए जोक्स सुनकर काजोल ठहाक लगाकर हंसती हैं।

# निया शर्मा ने साझा की अपनी दिलकश तस्वीरें



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा ने इंडस्ट्री में जितना भी काम किया। वह उस मुकाम को हासिल न कर सकीं, जिसकी ख्वाहिश लेकर वह आई थीं। लाफ्टर शेफ्स के बाद अब वह काम से छुट्टी लेकर थाईलैंड में समय बिता रही हैं और वहां से अपनी दिलकश तस्वीरें शेयर कर रही हैं, जो इंटरनेट पर तहलका मचा रही हैं। हालांकि कुछ लोगों को वह पसंद नहीं आ रही है और लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं।*

**कपड़े पहनने की नसीहत**

निया शर्मा को एक हजारों में मेरी बहना है से घर-घर में पहचान मिली थी। इसके बाद वह जमाई राजा से भी पॉप्युलर हुई थीं।



और रियल लाइफ में वह अपने सिजलिंग अवतार और फैशन सेंस के कारण वायरल होती रहती हैं। अब जो उनके थाईलैंड से बैक-टू-बैक फोटोज और वीडियोज आ रहे हैं, उसे देख हर दूसरा इंसान उनके कपड़ों पर कटाक्ष कर रहा है।

**थाईलैंड में निया शर्मा का मोनोकनी लुक**

समंदर के बीचों-बीच निया शर्मा अपनी दोस्त के साथ पाउडर ब्लू कलर की रिवीलिंग मोनोकनी में नजर आ रही हैं। उन्होंने अपना फिगर फ्लॉन्ट किया है। उनके किलर लुक को देख फैंस के दिलों की धड़कने तेज हो रही हैं। हल्का मेकअप औक सनग्लासेस में वह कमाल की खूबसूरत लग रही हैं। मगर उनके कपड़े पहनने का ढंग रास नहीं आ रहा है।

**निया शर्मा पर भड़के यूजर्स**

एक यूजर ने निया के पोस्ट पर लिखा, ड्रेसिंग सेंस आपका बहुत ज्यादा ही खराब है। एक ने लिखा, क्या आपको सुदेश जी की याद आ रही है? एक ने कहा, फिर आप शिकवा करती हैं कि लोग बातें सुनाते हैं आपको। कुछ तो लिहाज वाली ड्रेस पहना करिए मैम। एक ने तो कहा कि वह एक्ट्रेस को अनफॉलो कर रही है। एक ने कहा, इतने छोटे कपड़े क्यों पहनती हो? पूरे कपड़े में अच्छी लगती हो।

# जया बच्चन की मां इंदिरा भादुड़ी का निधन

*जया बच्चन की मां और अमिताभ की सासु मां ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया है। इंदिरा काफी सनय से बीमार चल रही थीं। इस दुखद खबर से पूरा घर इस वक्त शोक में डूबा है। जया बच्चन भोपाल पहुंच गई हैं और अमिताभ भी चार्टर्ड प्लेन से वहां पहुंच रहे हैं।*



जया बच्चन की मां और अमिताभ बच्चन की सासु मां इंदिरा भादुड़ी का भोपाल में निधन हो गया है। बताया जाता है कि वह 94 साल की थीं। बच्चन परिवार इस वक्त दुख में डूबा है। बताया जाता है कि जया बच्चन की मां कुछ समय से बीमार चल रही थीं। हालांकि, डॉक्टर्स की देख-रेख में वो लगातार थीं।

**अकेली रहा करती थीं जया बच्चन की मां**

रिपोर्टस के मुताबिक, इंदिरा भादुड़ी भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित अंसल अपार्टमेंट में रहती थीं। कहा जा रहा है कि वो वहां अकेले रहती थीं। इंदिरा भादुड़ी के पति तरुण भादुड़ी एक जाने-माने पत्रकार और लेखक रहे थे। उन्होंने कई नामी न्यूज पेपर्स में काम भी किया। बताया जा रहा है कि इंदिरा के पति तरुण भादुड़ी का साल 1996 में निधन हो गया था, जिसके बाद से वो उस घर में अकेली रह रही थीं।

**पूरा बच्चन परिवार शोक में डूबा है**

खबर है कि उनकी निधन मंगलवार को देर रात हुआ। इस दुखद खबर से पूरा घर इस वक्त शोक में डूबा है। जहां एक तरफ दिवाली को लेकर घर में जश्न की तैयारी थी, वहीं अब हर आंखों में आंसू भर गए हैं। रिपोर्ट्स में ये भी कहा जा रहा है कि अमिताभ और परिवार के अन्य सदस्य चार्टर्ड प्लेन से भोपाल पहुंच रहे हैं। कहते हैं कि अभिषेक और श्वेता अपनी नानी के बेहद करीब थे और इस खबर ने दोनों को तोड़ दिया है।

**भोपाल में ही हुआ था अमिताभ-जया का रिसेप्शन**

यहां बताते चलें कि जया और अमिताभ की शादी आनन-फानन में हुई थी। जया की मां चाहती थीं कि उन दोनों की पारंपरिक बंगाली शादी हो, लेकिन इतने कम समय में बंगाली पुजारी ढूंढना थोड़ा मुश्किल था। बाद में पुजारी ने जया, जो बंगाली ब्राह्मण हैं और अमिताभ जो बंगाली ब्राह्मण नहीं हैं, उनके बीच जातिय अंतर के कारण समारोह आयोजित करने पर आपत्ति जताई। कुछ बातचीत के बाद बात बनी। अमिताभ ने सभी रस्मों का ईमानदारी से पालन किया और शादी सुबह तक जारी रही। इसके बाद कपल लंदन चले गए और वापस आकर भोपाल में एक रिसेप्शन में शामिल हुए।

# फेफड़े या गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट में देखने को मिलता है कार्सिनोइड सिंड्रोम



**इसकी पहचान कैसे की जाती है?**

जब शरीर सेरोटोनिन को ब्रेक करता है तो पेशाब में एक पदार्थ बनने लगता है और इसका पता यूरिन टेस्ट के माध्यम से लगता है। इसके अलावा भी बहुत सारे ऐसे टेस्ट उपलब्ध होते हैं जिनका प्रयोग इस कैंसर का पता करने के लिए किया जा सकता है जैसे ब्लड टेस्ट, इमेजिंग टेस्ट। किसी स्कोप या कैमरे की मदद से आपके शरीर के अंदर भी देखा जा सकता है।

*इस सिंड्रोम के कारण आपका ब्लड प्रेशर लेवल काफी कम हो सकता है और आप को हर समय दुविधा महसूस हो सकती है। फ्लशिंग जैसे लक्षण भी आप को ज्यादा परेशान कर सकते हैं।*

**लक्षण:** आपकी गर्दन और छाती से ऊपर की स्किन गर्म गर्म लगने लगेगी और रंग भी बदलने लगेगा। थोड़ा गुलाबी या बैंगनी रंग होने लगेगा। यह स्ट्रेस, एक्सरसाइज और शराब पीने के बाद और अधिक दिखने वाला लक्षण है। इस सिंड्रोम में डायरिया भी देखने को मिलता है। आपका स्टूल काफी पतला हो जाएगा और बिल्कुल पानी जैसा महसूस होगा। इसके साथ ही आप को पेट में दर्द भी महसूस होगा। आपको अस्थमा जैसे लक्षण देखने को मिल सकते हैं जैसे सांस लेने में दिक्कत हो सकती है और छाती में सिटी जैसी आवाज आ सकती है। अगर आप की धड़कन तेज होने लगती है तो यह भी इस कैंसर के सिंड्रोम का एक लक्षण माना जाता है।

**कारण:** जब कार्सिनॉयड ट्यूमर सेरोटोनिन नाम का केमिकल सीक्रेट करने लगता है तब आप को यह सिंड्रोम होता है। यह कैंसर अधिकतर आपके फेफड़ों और पाचन तंत्र के आस पास ही देखने को मिलता है। बहुत कम कार्सिनॉयड ट्यूमर ही इन केमिकल्स को छोड़ते हैं क्योंकि जैसे ही यह सेक्रेट होते हैं तो लिवर केमिकल को न्यूट्रलाइज कर देता है। इसलिए इस सिंड्रोम का पता केवल कैंसर के एडवांस स्टेज में जाने के बाद ही लगता है। उस समय यह केमिकल न्यूट्रलाइज नहीं हो पाते हैं।

**जटिलताएं:** इस सिंड्रोम में आप को दिल से जुड़ी बीमारी भी हो सकती हैं और आपका दिल अच्छे से काम करने में असमर्थ हो सकता है। इसके लक्षणों में थकान और सांस लेने में कमी होना शामिल है।

**इलाज:** अगर आप का कैंसर का ट्यूमर शरीर से बाहर निकाल दिया जाए तो यह सिंड्रोम भी अपने आप ही ठीक हो जाएगा। इसके लिए सर्जरी की जरूरत हो सकती है। अगर आपके डॉक्टर आप को कैंसर सेल्स को ब्लॉक करने वाली दवाइयां देते हैं तो आप का यह सिंड्रोम ठीक हो सकता है। अगर रेडिएशन का प्रयोग सीधे कैंसर सेल्स पर किया जाए तो इस केस में भी कैंसर में आपको आराम मिलता है।



## शरीर पर निकलने वाले अलग–अलग छालों को न करें अनदेखा

शरीर पर ब्लिस्टर्स यानी छाले कहीं भी हो सकते हैं और इनके निकलने के कई कारण होते हैं जैसे तंग जूते पहनने पर बार बार त्वचा रगड़ खाती है और वहां छाले निकल आते हैं। ब्लिस्टर्स यानी छाले त्वचा की एक स्थिति है जिसमें त्वचा की परतों के बीच तरल पदार्थ भर जाता है। इन बुलबुलों के कारण व्यक्ति को काफी दर्द होता है। हालांकि इसका इलाज घर पर भी आसानी से किया जा सकता है। दरअसल त्वचा में तीन परतें होती हैं एपिडर्मिस, डर्मिस और सबक्यूटेनियस (त्वचा के नीचे) फैट। एपिडर्मिस के नीचे तरल पदार्थ से भरी थैली के रूप में छाला बनता है। आमतौर पर यह लिक्विड या ब्लड हो सकता है और यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपकी स्किन को किस चोट से नुकसान पहुंचा है। छाले कई अलग–अलग तरीकों से हो सकते हैं जिनमें कुछ बीमारियां भी शामिल होती हैं। छालों के सबसे आम प्रकार हैं–जब कोई चीज स्किन को दबाती है तो खून के छाले हो सकते हैं। टूटी हुई रक्त वाहिकाओं और त्वचा की निचली परतों के डैमेज होने के कारण खून उस क्षेत्र में भर जाता है और फिर जम जाता है।त्वचा रगड़ने के कारण फ्रिक्शन छाले बनते हैं। इसमें त्वचा की ऊपरी परतों में साफ तरल पदार्थ जमा हो जाते हैं। कुछ लोग खराब फिटिंग के जूते और मोजे पहनकर बहुत ज्यादा चलते हैं। ऐसे में फ्रिक्शन छाले होने की संभावना अधिक रहती है।

## कार्बन मोनोऑक्साइड प्वाइजनिंग से जान भी जा सकती है

ब्जब आप कार्बन मोनोऑक्साइड के धुएं में सांस ले लेते हैं तो उस कारण होने वाली स्थिति को कार्बन मोनोऑक्साइड पॉइजनिंग कहा जाता है और यह बेहद गंभीर और यहां तक की जानलेवा स्थिति हो सकती है। जब प्राकृतिक ईंध‍न जलता है तब यह गैस बनती है। अगर आप ऐसी जगह कुछ देर सांस ले लेते हैं तो आप को सांस रुक रुक कर और कम आने लगता है। आप कार्बन मोनोऑक्साइड डिटेक्टर लगाने से इस पॉइजनिंग से खुद को बचा सकते हैं। यह केवल कुछ ही मिनिट में जानलेवा हो सकती है। आप को इसमें सांस लेने के बाद सिर में दर्द होना और मितली आने जैसे लक्षण देखने को मिल सकते हैं। अगर आप को लगता है की आप इस गैस के संपर्क में आ गए हैं तो आप को बिना समय बर्बाद किए तुरंत डॉक्टर के पास चले जाना चाहिए। यह बर्निंग यानी ईंधन के जलाने का एक बाय प्रोडक्ट है और कई चीजों से आ सकती है। इसके अलावा यह छोटे गैसोलीन इंजन, फ्यूल बर्निंग स्पेस हीटर, गैस स्टोव, ग्रील, लेंटरन, हीटिंग सिस्टम, चारकोल, केरोसिन, प्रोपेन या लकड़ी जलने के कारण आती है।

# कमजोर इम्यूनिटी के कारण हो सकता है साइटोमेगालो वायरस संक्रमण




*यह एक तरह का वायरस से होने वाला इन्फेक्शन होता है। यह वायरस आपके शरीर में पूरी उम्र भर रहता है। हालांकि यह आपको किसी तरह की परेशानी नहीं देता है इसलिए इसके होते हुए भी आप एक पूरी तरह हेल्दी और नॉर्मल जिंदगी जी सकते हैं। हालांकि अगर आपकी इम्यूनिटी बहुत ज्यादा कमजोर है या फिर आप एक गर्भवती महिला हैं तो आप को इसके लक्षण देखने को मिल सकते है। कई बार कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। यह शरीर के फ्ल्यूड द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है जैसे खून के द्वारा, सलाइवा, यूरिन, ब्रेस्ट मिल्क और सिमन के माध्यम से यह फैलता है। इसलिए अगर आप संक्रमित हैं या किसी संक्रमित व्यक्ति को जानते हैं तो आप को उनसे दूर रहना चाहिए। यह अधिकतर केस में चिंता का विषय नहीं होता है। आइए जान लेते हैं इस वायरस से जुड़ी आवश्यक जानकारी के बारे में।*

**इसके सबसे अधिक रिस्क में कौन रहता है?**

जिन लोगों की इम्यूनिटी बहुत अधिक कमजोर होती है उन्हें यह वायरस आसानी से हो सकता है और लक्षण भी देखने को मिल सकते हैं। जो बच्चा अभी पैदा भी नहीं हुआ है वह इसके रिस्क में आता है क्योंकि उसे यह संक्रमण अपनी मां के द्वारा हो सकता है। गर्भवती महिलाएं रू गर्भवती महिलाओं की इम्यूनिटी भी थोड़ी कमजोर हो जाती है और वह भी इस वायरस के संपर्क में आने के रिस्क में रहती हैं।



**लक्षण**

इस वायरस के आम तौर पर कोई लक्षण देखने को नहीं मिलते हैं। लेकिन अगर आप कमजोर व्यक्ति हैं या फिर आप बच्चे को जन्म देने वाली हैं तो कुछ लक्षण आपको देखने को मिल सकते हैं जोकि निम्न हैं जैसे बच्चे का समय से पहले जन्म हो जाना। जन्म के समय बच्चे का वजन सामान्य से कम होना। बच्चे की स्किन और आंखें पीली होना। स्किन पर पर्पल रंग के पैच हो जाना। निमोनिया और सीजर हो जाना भी इसके आम लक्षणों में से एक हैं।

**कारण**

यह इंफेक्शन एक वायरस के कारण होता है और उस वायरस का नाम है साइटोमेगालो। इसी वायरस के कारण आपको कुछ अन्य बीमारियां भी होती हैं जैसे हर्पीज सिम्प्लेक्स और चिकन पाक्स। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के फ्ल्यूड के संपर्क में आने से भी फैलता है।

**बचाव के टिप्स**

अगर आप को लगता है की आपने किसी संक्रमित व्यक्ति को या सतह को नजदीक से देखा या छुआ है तो अपने हाथ जरूर धोएं। अगर आप अपने पार्टनर के साथ इंटर कोर्स कर रहे हैं तो इस समय प्रोटेक्शन का प्रयोग जरूर करें ताकि संक्रमित पार्टनर से यह दूसरे व्यक्ति तक न पहुंच पाए। अगर आप किसी संक्रमित व्यक्ति को जानते हैं तो उनके साथ अपना भोजन किसी भी हालत में शेयर न करें। इसके अलावा किसी और व्यक्ति के सलाइवा को अपने संपर्क में न आने दें फिर चाहे वह आपका बच्चा ही क्यों न हो।

**इलाज**

अगर आप एक हेल्दी व्यक्ति हैं तो आप को इस के इलाज की जरूरत ही नहीं होगी क्योंकि इस इन्फेक्शन के लक्षण इतने ज्यादा नहीं दिखाई देते हैं। हालांकि अगर आपके लक्षण दिख रहे हैं तो आप इसके बारे में अपने डॉक्टर को जरूर बताएं ताकि आप के डॉक्टर आप को जरूरी इलाज बता सकें और आपकी तबियत और अधिक खराब होने से बच सके।

## बार–बार पेशाब आने की हो रही है समस्या, कहीं आपको ब्लैडर में इंफेक्शन तो नहीं



ब्लैडर इंफेक्शन एक प्रकार का यूरिन इंफेक्शन होता है। इसमें यूरिनरी सिस्टम का कोई भी हिस्सा शामिल हो सकता है। ब्लैडर इंफेक्शन का सबसे आम कारण बैक्टीरिया है जो कि विशेष रूप से ई कोलाई होता है। इसके लक्षणों में बार–बार पेशाब आना, पेशाब करते समय दर्द होना या फिर बगल या पीठ के निचले हिस्से में दर्द ब्लैडर क्या है? ब्लैडर पेल्विस में स्थित मांसपेशियों का एक अंग होता है। यूरिन स्टोर करने के अलावा यह उसे बाहर भी निकालता है। दोनों किडनी से यूरिन यूरेटर के द्वारा ब्लैडर में आता है और बाहर निकलने तक वही रहता है। यूरिन बाहर निकलते समय ब्लैडर की मांसपेशियां सिकुड़ जाती है और वह यूरेथ्रा द्वारा बाहर निकल जाता है। जब बैक्टीरिया मूत्र मार्ग द्वारा शरीर में प्रवेश करता है और ब्लैडर तक पहुंच जाता है तो ब्लैडर इन्फेक्शन हो जाता है। आमतौर पर ब्लैडर इन्फेक्शन के मामले अचानक होते हैं लेकिन कई कुछ मामलों में यह बार–बार हो सकता है। ब्लैडर इंफेक्शन से पीठ के बीच में भी दर्द हो सकता है। यह किडनी के इंफेक्शन से जुड़ा होता है और यह दर्द लगातार हो सकता है। इन लक्षणों के साथ आपको उल्टी, बुखार, ठंड लगना, पेट दर्द या पीठ दर्द की समस्या हो तो आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। आमतौर पर बैक्टीरिया के कारण ब्लैडर इन्फेक्शन होता है। यह यूरेथ्रा के जरिए प्रवेश करते हैं और ब्लैडर को संक्रमित कर देते हैं।




**सब जूनियर महिला टीम का राष्ट्रीय कोच की गई नियुक्त**

रानी को 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रानी को हाल ही में सब जूनियर महिला टीम का राष्ट्रीय कोच नियुक्त किया गया है।

## पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने किया खेल से संन्यास का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को संन्यास की घोषणा कर दी। इसके ऐलान के साथ ही रानी रामपाल के 16 साल के करियर का अंत हो गया। रानी के पिता ठेला खींचने का काम करते थे और वह अपने करियर के दौरान हरियाणा के एक छोटे से शहर से निकलकर लोगों के लिए प्रेरणा बनीं। रानी की अगुआई में भारत ने 2021 में तोक्यो खेलों के दौरान ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। रानी ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, श्यह एक शानदार सफर रहा रह है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मैंने बचपन से बहुत गरीबी देखी है लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने पर था, देश का प्रतिनिधित्व करने पर। इस 29 वर्षीय दिग्गज फॉरवर्ड ने 2008 में ओलंपिक क्वालीफायर में 14 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में डेब्यू किया था। उन्होंने भारत के लिए 254 मैच में 205 गोल किए। और उसी साल उन्हें देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पदमश्री उन्हें मिला।

# वॉशिंगटन सुंदर की फिरकी देख कीवी बल्लेबाज के उड़े होश

**क्रिकेट**

## रचिन-टॉम को दिन में दिखाए तारे, रोहित ने दी शाबाशी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच पुणे में खेला जा रहा है। इस मैच में न्यूजीलैंड टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। पहले दिन के खेल के दूसरे सेशन खत्म होने तक कीवी टीम ने अपने पांच विकेट गंवा दिए है। भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने तीन विकेट लिए। वहीं, वॉशिंगटन सुंदर ने भी मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो विकेट लेकर तहलका मचाया। सुंदर की खूब तारीफ हो रही है, क्योंकि वह 1329 दिनों बाद भारत के लिए टेस्ट मैच खेल रहे है।

दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारत की प्लेइंग–11 में कप्तान रोहित ने तीन अहम बदलाव किए। दूसरे टेस्ट में शुभमन गिल की वापसी हुई।



उनके अलावा आकाशदीप और वॉशिंगटन सुंदर को भी जगह मिली। लंबे समये बाद टेस्ट टीम में वापसी करने के बाद सुंदर ने दूसरे सेशन में अपनी गेंदबाजी से हर किसी को इंप्रेस किया।

बता दें कि वाशिंगटन सुंदर ने अपना आखिरी टेस्ट मैच मुकाबला साल 2021 में इंग्लैंड टीम के भारत दौरे पर खेला था। उसके बाद उन्हें कोई मौका नहीं मिला, लेकिन रणजी में उनके प्रदर्शन के बाद उन्होंने फिर टेस्ट टीम में वापसी की। पुणे टेस्ट मैच में वॉशिंगटन सुंदर ने रचिन रविंद्र को अपनी शानदार ऑफ स्पिन गेंद पर बोल्ड किया तो उन्होंने 1329 दिन के बाद अपना पहला विकेट अपने नाम किया। दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड की पारी के 60वें ओवर की पहली गेंद पर वॉशिंटन सुंदर ने रचिन रविंद्र को बोल्ड किया। रचिन सुंदर की टर्न भरी गेंद को समझ नहीं पाए और गेंद उनके बैट और पैड के बीच से विकेट ले उड़ी। रचिन इस दौरान हक्के–बक्के रह गए, क्योंकि वह टीम को एक बड़े स्कोर तक पहुंचाने में मदद कर रहे थे। सुंदर सिर्फ यही नहीं रुके फिर उन्होंने टॉम ब्लंडेल को अपना अगला शिकार बनाया।

सुंदर ने इसके बाद बलखाती हुई गेंद पर ब्लंडेल को बोल्ड किया। इस दौरान टॉम ब्लंडेल सिर्फ 3 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गए। सुंदर ने रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल के बीच चौथे विकेट की साझेदारी को तोड़ा। इस दौरान रविंद्र 65 के निजी स्कोर पर पवेलियन लौटे। बीसीसीआई ने रचिन रविंद्र और टॉम को आउट करने की वीडियो को एक्स पर शेयर किया है।

# 10 साल बाद दक्षिण अफ्रीका ने एशियाई जमीन पर जीता टेस्ट मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका ने 10 साल का सूखा खत्म किया और एशियाई सरजमीं पर पहली टेस्ट जीत का स्वाद चखा। एडेन मार्करम के नेतृत्व वाली दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को बांग्लादेश को पहले टेस्ट में सात विकेट से मात दी। इसी के साथ प्रोटियाज टीम ने दो मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बनाई। सीरीज का दूसरा व अंतिम टेस्ट 29 अक्टूबर से चट्टोग्राम में खेला जाएगा।

दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी बार 2014 में गॉल में श्रीलंका को मात दी थी। इसके बाद एक दशक में प्रोटियाज टीम ने 15 टेस्ट मैच उपमहाद्वीप में खेले, लेकिन जीत को तरसती रही। आखिरकार, कगिसो रबाडा की चमत्कारिक गेंदबाजी और बल्लेबाजों के साहसिक प्रदर्शन के दम पर दक्षिण

■ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बनाई

अफ्रीका की टीम 10 साल का सूखा समाप्त करने में कामयाब हो पाई। बता दें कि चौथे दिन लंच से पहले 22 ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य हासिल कर लिया था।

एडेन मार्करम पहले कप्तान बने, जिनके नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका ने एशिया में 10 साल में टेस्ट मैच जीता। मार्करम का टेस्ट क्रिकेट में बतौर कप्तान रिकॉर्ड भी 100 प्रतिशत है। उनकी कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका ने अब तक सभी टेस्ट मैच जीते हैं। बता दें कि बांग्लादेश ने चौथे दिन अपनी दूसरी पारी 283/7 के स्कोर से आगे बढ़ाई। मेहदी हसन शतक पूरा करने से केवल तीन रन से चूक गए। वह आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे। मिराज को रबाडा ने मुल्डर के हाथों कैच आउट कराया। मेजबान टीम अपने कल के स्कोर में 24 रन का इजाफा किया और 307 रन के स्कोर पर ऑलआउट हुई। नईम हसन (16) और ताईजुल इस्लाम (7) आउट होने वाले अन्य बल्लेबाज रहे। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कगिसो रबाडा ने 46 रन देकर छह विकेट चटकाए। केशव महाराज ने तीन विकेट झटके। वियान मुल्डर के खाते में एक विकेट आया। इस तरह बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका के सामने जीत के लिए 106 रन का लक्ष्य रखा। 106 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को टोनी डी जॉर्जी (41) और कप्तान एडेन मार्करम (20) ने 41 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत दिलाई। ताईजुल इस्लाम ने मार्करम को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।

## डेवोन कॉन्वे ने बुमराह पर ही कर दिया अटैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पुणे। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे ने कमाल की बैटिंग की। पिच में स्पिन गेंदबाजों के लिए मदद थी लेकिन उन्होंने डटकर सामना किया। शुरुआत में उन्होंने हाथ खोले। फिर स्पिनर्स के आने के बाद खुलकर रन नहीं बना रहे। लंच के समय कॉन्वे 108 गेंदों पर 47 रन बनाकर खेल रहे थे। लंच के बाद खेल शुरू हुआ तो वह अटैकिंग मूड में नजर आ रहे थे। लंच के बाद का खेल शुरू हुआ तो कॉन्वे अलग ही मूड में नजर आ रहे थे। उन्होंने पहली ही गेंद पर जसप्रीत बुमराह के खिलाफ चौका मार दिया। उन्होंने यह चौका कवर ड्राइव की मदद से लगाया। चौथे गेंद पर भी उन्होंने कवार की तरफ चौका मारा। इसके बाद ओवर की 5वीं गेंद पर भी उन्होंने बुमराह को चौका जड़ दिया। इस तरह इस ओवर में कुल 12 रन बने। हालांकि वह शतक से चूक गए। 76 रनों की पारी खेलने के बाद कॉन्वे अश्विन का शिकार बने।

## न्यूज डायरी



## केएल राहुल को को पुणे टेस्ट में बैठा दिया प्लेइंग 11 से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम में जिस खिलाड़ी को मिडिल ऑर्डर में खेलते देखने की उम्मीद थी, वो ड्रिंक्स ब्रेक में खिलाड़ियों को पानी पिलाता हुआ नजर आ रहा है। हम बात कर रहे हैं केएल राहुल की, जिसे टीम इंडिया ने पुणे में चल रहे दूसरे टेस्ट में बाहर बैठाने का बोल्ड फैसला लिया। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में 0–1 से पिछड़ रही है। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेले गए पहले मैच में 9 विकेट की शिकस्त सहनी पड़ी थी। मेजबान टीम अब सीरीज में वापसी के लिए दूसरे टेस्ट में पूरा जोर लगाते हुए नजर आएगी, जिसके लिए टीम ने प्लेइंग 11 में तीन बदलाव भी किए हैं। भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए केएल राहुल, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज को बाहर बिठाकर शुभमन गिल, वॉशिंगटन सुंदर और आकाशदीप को शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट फैंस को सबसे ज्यादा हैरानी केएल राहुल के बाहर बैठने पर हो रही है, जिन्हें हेड कोच गौतम गंभीर का समर्थन प्राप्त था। गंभीर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि टीम प्रबंधन का केएल राहुल को पूरा साथ मिलेगा। केएल राहुल का पहले टेस्ट में बल्ले से प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। वह पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि दूसरी पारी में महज 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। केएल राहुल पिछले कुछ समय में बड़ा स्कोर बनाने में असफल रहे।

## सरफराज खान ने रोहित शर्मा को शानदार डीआरएस लेने के लिए मनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच पुणे में खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन सरफराज खान की एक जिद ने टीम इंडिया को सफलता दिलाई। सरफराज के कहने पर रोहित ने डीआरएस लिया और इस दौरान विल यंग को पवेलियन जाना पड़ा। विल यंग इस दौरान 18 रन बनाकर अश्विन की गेंद पर आउट हुए। ऋषभ पंत ने उनका कैच लपका। भारत–न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन के खेल में सरफराज खान और विराट कोहली ने कप्तान रोहित शर्मा को एक शानदार क्ै लेने के लिए मनाया, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ये घटना पारी के 24वें ओवर की रही, जिसमें अश्विन ने इस गेंद की आखिरी बॉल पर अपनी लाइन से भटकती गेंद डाली। मिडिल स्टंप पर पड़ने के बाद गेंद लेग साइड की ओर गई और क्रीज पर मौजूद विल यंग ने फिलक शॉट खेलना चाहा, जो कि उनसे मिस हो गया। इस वक्त यंग के अपील करने के बाद भारतीय प्लेयर्स ने आउट को लेकर जोरदार अपील की, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा रिव्यू के लिए हिचकिचा रहे थे। डीआरएस रिप्ले ने दिखाया कि गेंद सही में विल यंग के बल्ले से दूर जा रही थी और अंपायर को नॉटआउट का अपना फैसला पलटना पड़ा। इस तरह सरफराज खान ने कप्तान रोहित का भरोसा जीत लिया। बता दें कि दूसरे टेस्ट में सरफराज खान को केएल राहुल की जगह मौका मिला।

## आर अश्विन इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के दिग्गज ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने पुणे टेस्ट में दो विकेट लेने के साथ ही इतिहास रच दिया है। दो विकेट लेने के साथ ही अश्विन डब्ल्यूटीसी इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन को पछाड़ दिया है। दरअसल, मौजूदा समय में आर अश्विन के नाम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 188 विकेट दर्ज हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन दो विकेट लिए और विकेट की संख्या को 188 तक पहुंचाया। इस तरह उन्होंने नाथन लियोन को पीछे छोड़ दिया और डब्ल्यूटीसी इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन की निगाहें साथ ही टेस्ट में सबसे ज्यादा फाइव विकेट हॉल लेने के रिकॉर्ड पर होगी। अश्विन ने टेस्ट में 102 मैच खेलते हुए अब तक कुल 37 बार 5 विकेट हॉल लिए हैं। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अगर एक फाइव विकेट हॉल ले लेत हैं तो वह शेन वॉर्न के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दूसरे नंबर पर पहुंच सकते हैं। पुणे में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन पारी का सातवां ओवर भारत की तरफ से अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने डाला।



जनगणना विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव ना कराने के फैसले के बाद छात्रों में रोष

**संवाददाता** देहरादून। छात्रसंघ चुनावों कराने पर असमर्थता के सरकार के हाईकोर्ट में दिए गए जवाब के बाद तमाम छात्र संगठनों में रोष है। फैसला आने के बाद गुरुवार को छात्रों ने डीएवी कालेज में हंगाामा किया और कालेज बंद करा दिया। बाद में वे वहीं धरने पर बैठ गए। उन्होंने सरकार पर चुनाव ना कराने की मंशा का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि अगर सरकार ने इस मामले में कोई कदम ना उठाया जो प्रदेश भर में छात्र आंदोलन होगा। सुबह जैसे ही छात्रों को हाईकोर्ट के फैसले की जानकारी मिली तो डीएवी में एबीवीवी और एनएसयूआई से जुड़े छात्र नेताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### उपनल कर्मियों की मांग का समर्थन किया

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने उपनल कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन और नियमित करने की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में तैनात 25 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को लेकर हाईकोर्ट के फैसले पर अमल होना चाहिए। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में सरकार की विशेष याचिका खारिज हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार अभी भी इस ओर कदम नहीं उठा रही है और पुनरूविचार याचिका दाखिल करने जैसे विकल्प तलाश रही है, जो उपनल कर्मचारियों के साथ खिलवाड़ है।

### चिकित्सा शिक्षा में बेहतर कार्यों को अनुबंध

**संवाददाता** देहरादून। एसआरएचयू एवं हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय देहरादून के बीच प्रशिक्षण, शिक्षण और गुणवत्तापरक अनुसंधान के लिए अनुबंध किया गया है। गुरुवार को दोनों संस्थानों के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के सभागार में कुलसचिव डॉ. मुकेश बिजल्वाण व एचएनबी मेडिकल विवि के कुलसचिव डॉ. आशीष उनियाल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

### टाटा न्यू के ऋण बाजार ने इंस्टेंट पर्सनल लोन का पड़ाव किया पार

**संवाददाता** देहरादून। टाटा डिजिटल ने आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की है। टाटा न्यू पर लेन्डिंग पार्टनर्स के जरिए 1 लाख से ज्यादा पर्सनल लोन वितरित किए गए हैं, जिसकी कुल राशि 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है। यह उपलब्धि प्लेटफॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता और पूरे भारत में ग्राहकों को सुलभ वित्तीय समाधान प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, टाटा न्यू ने अपना फेस्टिव लोन उत्सव शुरू किया है।

# महोत्सव से क्षेत्र को नई पहचान मिलती है: सीएम

**शुभारंभ**

■ मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय नयार उत्सव–2024 का किया शुभारंभ, क्षेत्र के विकास से जुड़ी 07 घोषणाएं की



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के ग्राम पंचायत किनसुर बागी पहुंचकर तीन दिवसीय नयार उत्सव–2024 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गंगा पूजन किया, महाशीर प्रजाति की मछली के सीड्स का प्रवाह तथा राफ्टिंग दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास से जुड़ी 07 घोषणाएं की। जिसमें देवप्रयाग–सतपुली मोटर मार्ग, देवप्रयाग–बुआखाल को राष्ट्रीय राजमार्ग में विकसित करने, नांद नदी सड़क का 6 किमी का निर्माण, यमकेश्वर के अंतर्गत लक्ष्मण झूला क्षेत्र में मिनी स्टेडियम की स्वीकृति, यमकेश्वर क्षेत्र में पशुलोक मोटर मार्ग पर गंगा भोगपुर के निकट बीन नदी डबल लेन आरसीसी पुल का निर्माण, द्वारीखाल के जाखणीखाल–ढंडोली मोटर मार्ग का डामरीकरण व यमकेश्वर क्षेत्र में जमीन उपलब्ध होने पर डिग्री कॉलेज की स्थापना शामिल है।

मुख्यमंत्री ने जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि नयार उत्सव–2024 के आयोजन से एक ओर जहां इस क्षेत्र को विश्व पटल पर पहचान मिलेगी, वहीं क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों से व्यापारिक आर्थिक व सांस्कृतिक रूप से विकास होगा।

गंगा व नयार संगम स्थल और व्यास जी की तपोस्थली के पावन तट पर आयोजित तीन दिवसीय नयार उत्सव के माध्यम से क्षेत्र में पर्यटन संबंधी बुनियादी सुविधाओं का विकास और विस्तार होगा। इस तरह के महोत्सव से क्षेत्र को नई पहचान मिलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। पौड़ी में 100 फिट ऊँचा झंडा व पार्क का निर्माण, त्रिशूल पार्क का निर्माण, पौराणिक केदारनाथ–बद्रीनाथ पैदल मार्ग को पुनर्जीवित किया है। श्रीनगर में अलकनंदा नदी किनारे गंगा संस्कृति केंद्र का कार्य किया जा रहा है। धारी देवी मंदिर में सुधारीकरण कार्य, पौड़ी के पुराने कलक्ट्रेट को हेरिटेज भवन के रूप में, श्रीनगर गोला पार्क का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिंगटाली पुल का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश की देवतुल्य जनता से राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने का वायदा किया था। इसे राज्य में जल्द लागू किया जायेगा। राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। रोजगार के साथ स्वरोजगार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पिछले 03 सालों में 17 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद सभी भर्ती परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई हैं।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती रेनू बिष्ट, राजकुमार पोरी, जिलाध्यक्ष भाजपा सुषमा रावत, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, जिलाधिकारी डॉ आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र राणा, ग्राम प्रधान किनसूर बागी दीपचंद शाह उपस्थित थे।

### राज्य सरकार ने जनहित में अनेक फैसले लिये: धन सिंह रावत

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा जनहित में अनेक फैसले लिये गये हैं। हाल ही में कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिए गए हैं कि गरीब महिलाओं को वर्ष 2027 तक 3–3 सिलेंडर मुफ्त दिए जाने, वन्यजीव संघर्ष में घायलों को अटल आयुष्मान योजना से मुफ्त उपचार किया जायेगा।

# धामी कैबिनेट के फैसले से संवरेगी आर्थिकी

**उत्साह**

■ मत्स्य पालकों में भारी उत्साह, कहा घर के पास ही मिला बाजार

*हमारे प्रदेश में मत्स्य पालन की असीम संभावनाएं हैं। मत्स्य पालन को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं। अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना से जोड़ा जा रहा है।*

–पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड।

**संवाददाता**

देहरादून। कैबिनेट के फैसले को लेकर मत्स्य उत्पादकों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार का यह फैसला उनकी आर्थिकी को संवारने में मील का पत्थर साबित होगा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्वतीय जिलों की अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को मंजूरी दी है। इसी क्रम में स्थानीय किसानों और पशुपालकों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए विशेष अनुदान आधारित योजनाएं शुरू की गई हैं। कैबिनेट फैसले के अनुसार स्थानीय पशुपालक, कुक्कुट पालक और मत्स्य पालक अपनी भेड़, बकरी, कुक्कुट और मछली आईटीबीपी को बेच सकेंगे। इससे जहां स्थानीय ग्रामीणों को अपने उत्पादों के लिए घर के पास ही बाजार मिलेगा, वहीं वह अच्छी आय भी अर्जित कर सकेंगे।

उत्तराखंड में मत्स्य पालन की बेहतर संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार मत्स्य पालन को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के साथ ही मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत ध200 करोड़ की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। योजना के तहत राज्य के सभी पर्वतीय जिलों में कोल्ड रनिंग वाटर में ट्राउट मछली का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। रेनबो ट्राउट मछली की विशेषता है कि यह ठंडे पानी में उत्पादित होती है। पानी का तापमान 12 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच होना चाहिए। मत्स्य विभाग इसके लिए किसानों को प्रशिक्षित करता रहा है।

रेनबो ट्राउट जिसे आमतौर पर हिमालयन मछली भी कहा जाता है, के उत्पादन और मार्केटिंग पर सरकार खास जोर दे रही है। इस मछली का उत्पादन मुख्य रूप से चमोली, उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, टिहरी, बागेश्वर में किया जाता है। रेनबो ट्राउट महंगी होने से स्थानीय बाजारों में इसकी मांग कम है, लेकिन महानगरों में अच्छी डिमांड है। अब देश के दूसरे राज्यों में इसकी मार्केटिंग पर जोर दिया जा रहा है। इससे मत्स्य उत्पादक भी अच्छी आय अर्जित कर सकेंगे।

### कभी भी जनगणना के केन्द्र से मिल सकते हैं संकेत: जनगणना मंत्री

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के जनगणना मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में जनगणना विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने कहा कि कभी भी जनगणना के संकेत केन्द्र से मिल सकते हैं जिसके लिए हमें तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि जनगणना से सम्बन्धित अपनी सम्पूर्ण तैयारी रखें।

उन्होंने कहा कि 2021 में कोविड के कारण जनगणना नहीं हो पाई थी, लेकिन आने वाले कुछ समय में जनगणना के आदेश मिल सकते हैं। मंत्री ने कहा कि जनगणना दो तरह से की जाती रही है, जिसमें पहले दौर में मकानों की स्थिति और उनकी गणना की जाती है जबकि दूसरे दौर में व्यक्तियों की गणना की जाती है। उन्होंने कहा कि जैसा ही केन्द्र से आदेश प्राप्त होंगे हमारा विभाग जनगणना के कार्य में सक्रिय हो जायेगा। बैठक में सचिव जनगणना, दीपक कुमार, डॉयरेक्टर जनगणना, ईवा आशीष श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।